महत्वपूर्ण एवं खास

मुख्यमंत्री को चातुर्मास कलश स्थापना के कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से कल शनिवार को उनके निवास कार्यालय में विशुद्ध वर्षायोग समिति 2022 के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने 12 जुलाई को प्रस्तावित चातुर्मास कलश स्थापना के कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री बघेल को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण के लिए प्रातिनिधि मण्डल को धन्यवाद दिया। प्रतिनिधि मंडल में समिति के अध्यक्ष प्रदीप पाटनी, महामंत्री राकेश कन्नू बाकलीवाल, उपाध्यक्ष मनीष बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष मनोज सेठी व प्रचार प्रसार समिति के स्टार जैन उपस्थित थे। विशुद्ध वर्षायोग 2022 समिति के प्रवक्ता अरविंद जैन ने बताया कि चर्या शिरोमणि संत आचार्य 108 विशुद्ध सागर जी महाराज जी का ससंघ 22 साधुओं का चातुर्मास राजधानी रायपुर के दिगम्बर जैन मंदिर फाफाडीह में होना है।

बस्तर की संस्कृति को जैव विविधता से जोडऩे का प्रयास

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर जिले का कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जैव विविधता से परिपूर्ण क्षेत्र है। जहां बरसों से विभिन्न जनजातियों के लोग भी निवासरत हैं। जैव विविधता तथा मानव के सह अस्तित्व को जन जीवन का अभिन्न अंग बनाने के प्रयास में आज कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक धम्मशील गणवीर ने बादल अकादमी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा की। बस्तर की संस्कृति को जैव विविधता से जोडक़र उद्यान के आस-पास के गांवों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पेश करने की पहल पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए गांवों के कलाकारों को बादल की टीम के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

8 पार्षद भाजपा से निष्कासित

महासमुंद (आरएनएस)। नगर पालिका से भाजपा के निर्वाचित नपाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर के खिलाफ कांग्रेस द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में समर्थन किए जाने के आरोप में प्रदेश भाजपा ने 8 भाजपाई पार्षदों को तत्काल प्रभाव से पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। निष्कासित पार्षदों में मीना वर्मा, पवन पटेल, महेंद्र जैन, हफीज कुरैशी, माधवी सिक्का, मंगेश टांकसाले, मुन्ना देवार, मनीष शर्मा शामिल है।

25 किलो गांजा के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र अंर्तगत गुरु गोविंद सिंह चौक के पास से पुलिस ने एक बाइक से 25 किलो गांजा बरामद कर 02 गांजा तस्करों कार्तिक विश्वास और कंकन सना निवासी मलकानगिरी ओडिसा को गिरफ्तार कर एनडीपीएस की धारा 20 (ख) के तहत कार्यवाही उपरांत दोनों गांजा तस्करों को जेल दाखिल कर दिया है। थाना कोतवाली टीआई एमन साहू ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक बाइक पर गांजा लेकर ओडिसा के मलकानगिरी से केशलूर मार्ग की ओर से जगदलपुर की तरफ आ रहे है। सूचना पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश पर गुरु गोविंद सिंह चौक नयापारा के से पुलिस ने केशलूर की तरफ से आ रहे बिना नम्बर की एक काले रंग के स्प्लेंडर प्लस बाइक को रोक कर एक सफेद रंग के बोरे की तलाशी में 25 किलो गांजा बरामद किया, जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य 01 लाख 25 हजार रुपये आंकी गई है। गांजा तस्करों को पकडऩे में सहायक उपनिरीक्षक नीलाम्बर नाग, प्रधान आरक्षक पुनीत शुक्ला, अजय साहू, आरक्षक रविन्द्र कुमार ठाकुर, युवराज सिंह ठाकुर और इंद्रजीत पोर्ते की अहम भूमिका रही।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बस्तर संभाग में डेंगू,मलेरिया, जापानी इंसेफेलाइटिस एवं डिप्थीरिया की रोकथाम के लिए जिलों को कड़े कदम उठाने के निर्देश

- स्वास्थ्य विभाग ने बारिश में डेंगू व मलेरिया के मच्छरों से सावधान रहने कहा
- घर के आसपास न होने दें पानी का जमाव

रायपुर (आरएनएस)। बरसात का मौसम शुरू होते ही मच्छरजनित रोगों जैसे डेंगू,मलेरिया और जापानी इंसेफेलाइटिस (जापानी बुखार) के मामले बढ़ जाते हैं। मौसम में हुआ बदलाव डेंगू व मलेरिया के मच्छरों के लार्वा को पनपने के लिए अनुकूल वातावरण देता है। इसके चलते बारिश में डेंगू-मलेरिया के लार्वा में तेजी से बढ़ोतरी होती है। मच्छरों से बचाव के व्यापक उपाय नहीं बरतने से डेंगू और मलेरिया जैसे रोग घातक साबित हो सकते हैं।

संचालक, महामारी नियंत्रण डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया कि बस्तर क्षेत्र में मलेरिया, डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए शासन द्वारा बस्तर संभाग के सभी जिलों को इन बीमारियों के रोकथाम के लिए कड़े क़दम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई का निरीक्षण एवं ग्रामीणों को इन बीमारियों से बचाव की जानकारी के साथ ही जिले में स्थानीय प्रशासन के माध्यम से जन-जागरूकता अभियानों में मेडिकेटेड मच्छरदानी लगाकर सोने, घर के आसपास पानी का जमाव न होने व घरों में मच्छर प्रतिरोधी स्प्रे एवं अन्य बचाव के आवश्यक उपायों के बारे में जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुखार के सभी मामलों की सूचना राज्य स्तर पर देने एवं मरीजों को तुरंत भर्ती कर संक्रमण की जाँच करने कहा गया है। जांच के परिणाम आने तक मरीज़ को आइसोलेट कर इलाज़ उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य स्तर पर डॉ. जितेन्द्र कुमार को इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके मोबाइल नंबर 94791-07919 पर संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन लिया जा सकता है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि डेंगू संक्रमित मादा एडीस मच्छर के काटने से स्वस्थ्य व्यक्ति के शरीर में वायरस प्रवेश कर रोग संक्रमण उत्पन्न करता है। मादा एडीस मच्छर इस वायरस का वाहक है जो स्थिर पानी जैसे कूलर, टंकी या घर में खुले रखे बर्तन जिसमें कई दिनों से पानी बदला न गया हो, वहाँ डेंगू के मच्छर पनपते हैं। यह मच्छर दिन में ही काटता हैं। डेंगू के मरीज़ को दिन में भी मच्छरदानी लगाकर सोना चाहिए जिससे कि मच्छर उन्हें काट कर रोग को न फैलाए?।

डेंगू ,मलेरिया और जापानी इंसेफेलाइटिस के प्रमुख लक्षण

डॉ. मिश्रा ने बताया कि डेंगू ,मलेरिया और जापानी इंसेफेलाइटिस के प्रमुख लक्षणों में अचानक कंपकंपी के साथ बुखार आना, आँखों के पीछे व मांसपेशियों में दर्द, छाती, गला और चेहरे पर लाल दाने उभरना है। इन बीमारियों में लगातार बुखार रहता है। इनमें पेट में दर्द, उल्टी, सरदर्द, बेचैनी या सुस्ती के भी लक्षण होते हैं। ये सारे लक्षण डेंगू के मच्छर के काटने के एक सप्ताह के बाद दिखाई देते हैं। इस स्थिति में बीमारी का समय पर अच्छा इलाज होना जरुरी है। त्वरित इलाज से इस बीमारी से बचा जा सकता है।

डेंगू होने पर कभी-कभी नाक व मसूड़ों से खून निकलता है। उल्टी में भी खून नजर आता है। खून के कारण मल काला दिखाई देता है। डेंगू के प्रभाव के कारण खून में सफेद रक्तकोशिका और प्लेटलेट्स की मात्रा कम होती जाती है। बुखार और रक्तस्राव में कुछ मामलों में स्थिति और बिगडक़र रक्तचाप गिरने लगता है। ऐसी स्थिति निर्मित होने पर मरीज को बिना देरी के तुरंत डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए। समय पर इलाज न होने से मरीज की स्थिति और खराब हो सकती है। कई परिस्थितियों में डेंगू से जान जाने का खतरा भी रहता है।

डेंगू-मलेरिया से बचाव के उपाय

बारिश में जलभराव के साथ ही पानी जमा होने से डेंगू-मलेरिया के लार्वा पनपने लगते है। डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए आवश्यक है कि अपने आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें। डेंगू-मलेरिया वेक्टरजनित रोग है जिसमें लक्षित जनसंख्या समूह में व्यापक व्यवहार परिवर्तन गतिविधियों के माध्यम से जागरुकता विकसित कर डेंगू-मलेरिया के प्रकोप से बचा जा सकता है। घर में रखे पुराने बर्तन, टायर, गमलों और आसपास पानी इक_ा न होने दें। साथ ही मच्छरों के लार्वा को खत्म करने के लिए नालियों में जले हुए तेल का छिडक़ाव करें। पूरी बांह के कपड़े पहनें और सोते समय मच्छरदानी लगाएं।

भू-विस्थापितों ने गेवरा खदान में फिर रोका निजी कंपनी का काम

कोरबा । एसईसीएल की गेवरा परियोजना में ओव्हर बर्डन का काम कर रही निजी कंपनी हरेराम गोदरा ने रोजगार दिये जाने की मांग क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं व भू-विस्थापीत ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से किया जा रहा है। लेकिन कंपनी के अधिकारी उनकी मांगों को दरकिनार कर दे रहे है और कंपनी में स्थानीय लोगों को काम पर रखने की बजाये दीगर प्रांत से मजदूर, ड्राव्यहर लाकर ओबी का काम कराया जा रहा है। इतना ही नहीं स्थानीय लोगों के साथ दुव्र्यव्हार भी करते है जिससे क्षेत्रवासियों में गहरा आक्रोश है। कंपनी के रवैय्ये से परेशान व आक्रोशित ग्रामीणों जिसमें उमेंदी भाठा, मुडिय़ानार, भिलाई बाजार, बाम्हनपाट व अन्य गांव के महिला एवं पुरूष शामिल थे। आज सुबह बड़ी संख्या में खदान के

निकट एकत्रित हुए और छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष मुरली महंत के नेतृत्व में खदान में प्रवेश कर निजी कंपनी द्वारा वहां किये जा रहे कार्यों को बंद करा दिया।

ग्रामीणों द्वारा किये गये प्रदर्शन व काम बंद हड़ताल से कंपनी के कर्ताधरता व एसईसीएल के अधिकारी सख्ते में आ गये। खदान में मौजूद सुरक्षा जवानों ने भी ग्रामीण को समझाबुझाकर रोकने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण नहीं माने और खदान के भीतर प्रवेश कर कामकाज को पूरी तरह बंद करा दिया। हड़ताल का नेतृत्व कर रहे मुरली महंत ने बताया कि उनका आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कंपनी स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दे देती। तथा ग्रामीणों के साथ दुव्र्यव्हार करने वाले कंपनी के अधिकारी अजय सिंह को हटा नहीं दिया जाता। क्षेत्रवासी कंपनी के वादाखिलाफी से हलाकान है। जब-जब यहां रोजगार की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा हड़ताल किया जाता है और प्रदर्शन होता है कंपनी के अधिकारी स्थानीय लोगों को काम पर रखने की बात जरूर करते है और आश्वासन भी देते है। लेकिन प्रदर्शन समाप्त होते ही इसे भूल जाते है और स्थानीय लोगों को नौकरी के लिए लगातार चक्कर लगवाने के साथ दुव्र्यव्हार भी करते है।

पर्यावरण कार्यक्रम में युवाओं को शामिल करना वर्तमान पीढ़ी के लिए जरूरी

कोरबा। सतरेंगा मार्ग मे रॉक गार्डन के पास यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सदस्यों और जी टेक्नोलॉजी कोरबा के विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया गया। आज पर्यावरण संरक्षण की नितांत आवश्यकता है। इसके लिए वृक्षारोपण एक आवश्यक है। यूथ होस्टल इस दिशा में कार्यरतहै और पूरे देश के सभी इकाई द्वारा वृक्षारोपण का अभियान बारिश के समय आयोजित किया जाता है इसी तारतम्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं को शामिल करना वर्तमान पीढ़ी के लिए जरूरी है। इसके लिए अनेकों कार्यक्रम संस्था द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम में संस्था के इकाई अध्यक्ष सतीश शुक्ला, चेयरमैन संदीप सेठ, कोषाध्यक्ष डीबी सुब्बा, सदस्य नीलू सुब्बा की भागीदारी रही।

पुटू निकालने जंगल गये दो ग्रामीणों पर भालू ने किया हमला

कोरबा । वन मंडल कोरबा के करतला वन परिक्षेत्र में स्थित ग्राम नोनदरहा में पुटू निकालने जंगल गये दो ग्रामीणों पर भालू ने हमला कर दिया। जिससे दोनों घायल हो गये। घायल ग्रामीणों को उपचार के लिए करतला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार नोनदरहा के दर्री डीही मोहल्ले में रहने वाले दो ग्रामीण घासीराम पिता बुधराम राठिया उम्र 39 वर्ष तथा 78 वर्षीय साधराम राठिया शुक्रवार को दोपहर 1.30 बजे के लगभग पुटू निकालने जंगल गये हुए थे। अभी वे पुटू की खोज करते कक्ष क्रमांक पीएफ.1153 पर पहुंचे थे की उनका सामना एक खुंखार भालू से हो गया। ग्रामीणों को अपने ओर आता देख भालू ने उन पर हमला कर दिया। जिससे वे लहूलुहान हो गया। इसके बाद भी ग्रामीण हार नहीं माने और अपने पास रखे डण्डे व कुदाल से वन्यप्राणी का जमकर सामना करते हुए उसे भागने के लिए विवश कर दिया। भालू को भगाने के बाद घासीराम व साधराम ने गांव वालों को घटना की जानकारी देते हुए मद्द के लिए बुलाया जिस पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों की स्थिति जानने के साथ वन विभाग को इसकी सूचना दी। ग्रामीणों की सूचना पर परिसर वन अधिकारी गजाधर राठिया तत्काल मौके पर पहुंचे और भालू के हमले में घायल ग्रामीणों को 112 वाहन बुलाकर उपचार के लिए करतला अस्पताल भिजवाया। जहां मौजूद डाक्टरों ने घायलों का उपचार शुरू किया।

दोनों हाथ बंधे शव मिला कुएं में, हत्या का संदेह

कोरबा । मोहनपुर गांव के एक कुएं में अज्ञात पुरूष का शव मिला है। उसके दोनों हाथ बंधे हुए हैं। इससे संदेह जताया जा रहा है कि हत्या करने के बाद शव कुएं में फेंक दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया। शव को कुएं से निकालने के साथ अगली कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना के अंतर्गत सुतर्रा के नजदीक मोहनपुर गांव में स्थानीय लोगों ने कुएं में आज सुबह शव देखा। पेट के बल वह पानी में मौजूद पाया गया। शरीर पर अंडरगार्मेंट भी थे। उसके दोनों हाथ सामने की तरफ बंधे हुए

दिखे। सूचना प्राप्त होने पर पुलिस हरकत में आयी। 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मर्ग कायम किया गया। मृतक के बारे में फिलहाल जानकारी नहीं मिली है। जिस तरह से उसका शव कुएं में मिला, इससे प्रथम दृष्टि में माना जा रहा है कि मामला हत्या का है। इस आधार पर जांच के बिन्दु तय करने के साथ कार्रवाई की जा रही है। मृतक कौन है, इस दिशा में पुलिस सबसे पहले जानकारी जुटाने में लगी हुई है। उसके मोबाईल नंबर के डिटेल और अन्य जानकारी एकत्र करने के साथ इस मामले में आगे की जांच संभव हो सकेगी। इससे पहले कटघोरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जेंजरा हाईवे में महेशपुर के एक कुएं में कोनकोना निवासी छात्रा दिव्या गोड़ का शव एक महीने पहले मिला था। छात्रा रंजना गांव में अपनी मौसी के यहां रहकर पढ़ाई कर रही थी। उसका मामला भी हत्या का निकला। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या करने का तथ्य उजागर हुआ है। लेकिन हत्यारे के बारे में पुलिस परिणाम से काफी दूर है।

आईपीएस संतोष सिंह को मिलेगा आईएसीपी अवार्ड

कोरबा । छत्तीसगढ़ में भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी संतोष सिंह ने अमेरिका में प्रदेश का नाम रौशन किया है। जिनका स्थानांतरण राजनांदगांव से कोरबा के लिए किया गया है। वे कल मध्यान्ह नये एसपी का पदभार ग्रहण करेंगे।

छत्तीसगढ़ सरकार ने पिछले गुरूवार को भारतीय पुलिस सेवा के 9 अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया था। जिनमें 2011 बेच के आईपीएस संतोष सिंह की पदस्थापना कोरबा में की गई है। सिंह इस बार आईएसीपी अवार्ड पाने वाले छत्तीसगढ़ के एकलोते आईपीएस अफसर है। इस अवार्ड के लिए दो भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का चयन किया गया है। आईएसीपी अवार्ड हर साल सितंबर महीने में समारोह आयोजित कर घोषणा किया जाता है। जिसे अण्डर 40 श्रेणी में दिया जाता है। यह दुनिया के 40 वर्ष से कम उम्र के ऐसे पुलिस अधिकारी को दिया जाता है जिसने अच्छी नेतृत्व क्षमता और नये प्रयोग और अच्छे काम के साथ पुलिस के काम में बदलाव की कोशिश किया रहता है। एसपी सिंह का चयन पिछले नके 8 वर्षों के बेहतरीन पुलिसिंग और पुलिस की छवि सुधारने में किये गये। उल्लेखनीय कार्यों के

आधार पर किया गया है। एसपी सिंह 2011 बेच के आईपीएस अधिकारी है। जो मूल रूप से उत्तरप्रदेश के गाजीपुर जिले के देवकली निवासी है। उनकी स्कूली शिक्षा नवोदय विद्यालय से शुरू हुई। जिसके बाद बीएचयू से राजनीति विज्ञान में उच्च डिग्री हासिल किया। उसके बाद जेएनयू दिल्ली से एमफिल किया। उसके बाद सिविल सर्विस की पढ़ाई कर क्वालीफाई किया। उनकी पहली पोस्टिंग दुर्ग में रही। उसके बाद घोर नकसली क्षेत्र सुकमा बस्तर में 2014 से 2016 तक बतौर एएसपी के रूप में कार्य किया। उसके बाद नारायणपुर, महासमुंद, रायगढ़ आदि जिलों में एसपी के रूप में अपनी सेवाएं देने के साथ राजनांदगांव में पदस्थ थे। जहां से उनका स्थानांतरण कोरबा जिले में एससपी के रूप में किया गया। कोविड-19 में 2 लाख से ज्यादा लोगों को रायगढ़ में मास्क बांटने के कारण चर्चा में आये थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

अभाविप ने स्थापना दिवस पर मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

कोरबा । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोरबा ने अपना 74 वा स्थापना दिवस महाराणा प्रताप भवन बुधवारी में कार्यक्रम मनाया मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर संघ चालक डॉ.विशाल उपाध्याय, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् प्रांत छत्तीसगढ़ के सह संगठन मंत्री महेश साकेत रायगढ़ विभाग संयोजक मोंटी पटेल रायगढ़ विभाग की छात्रा प्रमुख सुश्री मनीषा सोनी उपस्थित रही सर्व प्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर इस कार्यक्रम का

शुभारंभ किया।

जिसमें नगर के अलग-अलग विद्यालयों से विद्यार्थी जो इस वर्ष अपने विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ अंको से उत्तीर्ण हुए है एवं अपने विद्यालयों का नाम रोशन किए हैं ऐसे विद्यार्थियों को मेडल डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.विशाल उपाध्याय ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोरबा जिले के कार्यों की सहराना की, मुख्य परिषद् वक्ता ने बताया कि विद्यार्थी परिषद् 9 जुलाई 1949 से आज निरंतर राष्ट्र पुनर्निमार्ण एवं व्यक्ति निर्माण का कार्य कर रही है। उन्होंने विद्यार्थी परिषद् के इतिहासों के बारे बताते हुए कहा कि आज विद्यार्थी 74 वें वर्ष पूरे हुए एवं हम सभी 75 वें वर्ष में प्रवेश कर रहे है। विद्यार्थी कल का नही अपितु आज का नागरिक है एवं हम सभी विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ता विद्यार्थी परिषद् के 75 अमृत महोत्सव को साल भर धूम धाम से कार्यक्रमों के रूप में आंदोलनों के रूप में एवं अन्य कार्यों के माध्यम से मानने वाले है। इसके पश्चात विद्यार्थी परिषद् की नवीन कार्यकारिणी कि घोषणा की गई जिसमे इस साल कोरबा नगर अध्यक्ष के रूप में मनीष अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष अमित कुमार एवं नगर मंत्री अभिषेक तिवारी, नगर सहमंत्री नेहा साहू, अंशिका शर्मा एललित भवानी, उद्देश्य यादव, नगर कार्यालय मंत्री राहुल मंहत कोषाध्यक्ष करण गुप्ता सोशल मीडिया प्रमुख जय सिंह सह प्रमुख महिश महिलांगे महाविद्यालय प्रमुख साक्षी बहल सह प्रमुख सुभाशु सिंह विद्यालय प्रमुख देवराज सारथी शाहपुर में संजना यादव एस एफ डी प्रमुख सक्षम यादव सह प्रमुख आरती कर्ण प्रमुख मांशी सह प्रमुख किरण क्रीड़ा प्रमुख प्रभात निर्मलकर सह प्रमुख कृतिका एवं अल्का शर्मा मनोवैज्ञानिक प्रमुख संध्या एवं अर्जुन मानसी गुप्ता, प्रदीप साहू छात्रावास प्रमुख मुकुंद सिंह सह प्रमुख पायल।